प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

20.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से खेलों को समर्पण और जुनून के साथ अपनाने का आह्वान किया है। राज्यपाल जम्मू में इंडिया ओपन राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो युवा निशानेबाजों को सम्मानित करने के मौके पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि कम आयु में इन खिलाड़ियों की उपलब्धियां उनकी असाधारण प्रतिभा, कठोर परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

निर्विरोध निर्वाचित

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए होने जा रहे चुनाव में 10 हजार 8 सौ 54 पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इनमें 85 पंचायत समिति सदस्य, एक सौ 76 ग्राम पंचायत प्रधान, 2 सौ 86 उप प्रधान और 10 हजार 3 सौ 7 वार्ड सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा एक सौ 31 ग्राम पंचायतें पूरी तरह से निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। आयोग ने कहा है कि निर्विरोध निर्वाचन के बाद अब इन पदों पर मतदान नहीं होगा और इससे चुनावी खर्च और प्रशासनिक प्रक्रिया का बोझ कम होगा। आयोग ने कहा है कि शेष पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान होगा।

केवल पठानिया

प्रदेश सरकार में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने दावा किया है कि नगर निकाय चुनावों में राज्य की जनता ने प्रदेश सरकार के तीन साल के कार्यकाल पर भरोसा जताया है और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। पठानिया ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रदेशभर में 47 नगर निकायों में से 29 में जीत दर्ज की है जबकि भाजपा को केवल 16 निकायों में ही जीत मिली है।

कांगड़ा चुनाव

उधर कांगड़ा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संप्पन करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

पुलिस महानिदेशक

प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने कहा है कि प्रदेश पुलिस राज्य के 75 मुख्य स्थानों पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम संचालित कर रही है। इस हाईटैक प्रणाली के माध्यम से अभी तक लाखों मोटर वाहन नियम उल्लंघनों का पता लगाया गया है और बिना मानवीय हस्तक्षेप के करोड़ों रूपए के चालान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से ट्रैफिक प्रवर्तन में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पुलिस महानिदेशक ने यह भी कहा कि प्रदेश पुलिस को एक आधुनिक, तकनीक सक्ष्म, जनोन्मुखी और कल्याणकारी पुलिस बल बनाया जा रहा है। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति भी विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई।

मौसम

प्रदेश में मई की गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मंगलवार को प्रदेश में इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में भी भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। विभाग ने आज भी प्रदेश में कुछ स्थानों पर लू चलने का अलर्ट जारी किया है।